# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union, Govt. Registered


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 19 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 23

## महत्वपूर्ण एवं खास

### वडोदरा हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, ट्रेलर-बस की टक्कर में 6 लोगों की मौत- 15 घायल

**वडोदरा (आरएनएस)।** गुजरात के वडोदरा के कपूराई ब्रिज राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज एक लग्जरी बस और ट्रेलर के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसें का बाद चारों तरफ चीख पुकार शुरू हो गई। प्रथम जानकारी के अनुसार इस हादसे में कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई और 15 गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक बस अहमदाबाद से सूरत जा रही थी। इस दौरान यह बड़ा हादसा हो गया। फिलहाल नगर यातायात पुलिस और दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई है। घायलों को इलाज के लिए एसएसजी अस्पताल ले जाया गया है।

### दो पहिया वाहन के शोरुम में लगी आग, कई वाहन जलकर खाक

**मंडला (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के मंडला शहर में स्थित एक दो पहिया वाहन के शोरुम में भीषण आग लगने से टायर और कई वाहन जलकर खाक हो गये। दमकल विभाग के सूत्रों के अनुसार शहर के कटरा स्थित दो पहिया वाहन के शोरुम में कल देररात आग लगने से अनेक दो पहिया वाहन जलकर खाक हो गये। साथ ही वाहनों के कई टायर जलकर नष्ट हो गये। बताया गया कि रात में गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों ने शोरुम में धुआं निकलता देख, शोरुम संचालक को फोन पर जानकारी दी। इस बीच बम्हनी और नैनपुर से फायर ब्रिगेट की गाडिय़ा बुलाकर आग पर काबू पा लिया गया। प्रारंभिक जांच में शार्ट सर्किट के चलते यह घटना घटित होने को बताया गया है।

### दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

**अलवर (आरएनएस)।** राजस्थान में अलवर की पोक्सो अदालत ने आज पांच वर्षीय बालक के साथ दुष्कर्म (अप्राकृतिक कृत्य ) के मामले में आरोपी को 20 साल का कठोर कारावास की सजा सुनाई। विशिष्ट लोक अभियोजक राजकुमार गंगावत ने बताया कि 20 अगस्त 2021 को भिवाड़ी के फूल बाग थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमें बताया कि उसका परिवार मजदूरी करने गया था। बच्चो को दादा के पास छोड़ गए।उसका बच्चा घर पर ही खेल रहा था तो पड़ोस में रहने वाले भूपेंद्र उसे बहला-फुसलाकर सुनसान जगह स्थित एक कमरे में ले गया उसके साथ दुष्कर्म (अप्राकृतिक कृत्य) किया। जिससे बालक लहूलुहान हो गया। बालक ने घर आकर सारा घटनाक्रम घर आकर बताया तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में चालन पेश करने के बाद ट्रायल चला। जिसमें पोक्सो अदालत 3के विद्वान न्यायाधीश सोहन शर्मा ने विभिन्न धाराओं में 20 साल की कठोर कारावास और 25000 के अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपी उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के फतेहपुर सीकरी थाना क्षेत्र निवासी भूपेंद्र जाट है। जो भिवाड़ी में किराए के मकान में रहता था।

### पीएफआई आतंकी मॉड्यूल मामला : पटना के फुलवारी शरीफ में एनआईए की छापेमारी

**पटना (आरएनएस)।** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े कथित आतंकी मॉड्यूल मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पटना के फुलवारी शरीफ इलाके के दो स्थानों पर छापेमारी की है। फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के मुनीर कॉलोनी व खानकाह मोहल्ले में बड़ी संख्या में अधिकारी स्थानीय पुलिस के साथ मरगूब अहमद उर्फ दानिश व एक अन्य व्यक्ति के आवास पर पहुंचे और तलाशी शुरू की। मरगूब एक संदिग्ध आतंकी संगठन गजवा-ए-हिंद नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप चला रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पटना यात्रा से कुछ महीने पहले पटना पुलिस द्वारा पीएफआई फुलवारी शरीफ मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के बाद से जांच एजेंसी ने 15 से अधिक छापे मारे हैं। सूत्रों ने बताया कि मॉड्यूल प्रधानमंत्री की हत्या की साजिश रच रहा था। वे पहले भी मरगूब के घर पर छापेमारी कर चुके हैं। महिला कर्मियों सहित एनआईए व पुलिस के 100 से अधिक अधिकारी फुलवारी शरीफ स्थित मरगूब के आवास पर पहुंचे। इससे पहले एनआईए ने पीएफआई के सिलसिले में दरभंगा, मधुबनी, अररिया, छपरा, मुजफ्फरपुर, नालंदा, किशनगंज समेत अन्य जिलों में छापेमारी की थी। पीएफआई के सदस्य मुस्लिम युवकों को युद्ध प्रशिक्षण प्रदान करने और कथित रूप से राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए उनका ब्रेनवॉश करने के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

## केदारनाथ में पहाड़ी से टकराते हुए हेलीकॉप्टर हुआ क्रैश, पायलेट सहित सात लोगों की मौत



**रुद्रप्रयाग (आरएनएस)।** केदारनाथ से गुप्तकाशी लौट रहा आर्यन कंपनी का हेलीकॉप्टर गरुड़चट्टी के पास पहाड़ी से टकराते हुए क्रैश हो गया, जिसमें पायलेट सहित 7 यात्रियों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर जब जमीन पर गिरा तो उसमें आग की लटपे उडऩे लगीं। हादसा हेलीकॉप्टर के केदारनाथ से लौटते हुए हुआ। हेलीकॉप्टर क्रैश की खबर आग की तरह फैल गई और सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे। हालांकि तब तक हेलीकॉप्टर जलकर राख हो गया था और सभी यात्रियों की मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार मंगलवार आर्यन कंपनी के सात सीटर हेलीकॉप्टर ने 6 यात्री एवं पायलेट के साथ केदारनाथ से गुप्तकाशी स्थित नाला हेलीपैड के लिए उड़ान भरी। इसी बीच 3 मिनट के अंतराल में ही गरुड़चट्टी पहुंचते ही सुबह साढ़े 11 बजे हेलीकॉप्टर पहाड़ी से टकराते हुए क्रैश हो गया। इसमें सभी सात लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कोहरे के कारण हेलीकॉप्टर गरुड़चट्टी की पहाड़ी से टकरा गया, जिससे यह बड़ा हादसा हुआ। पायलेट को एयर रूट नहीं दिखाई दिया और हेलीकॉप्टर पहाड़ी से टकरा गया। इधर, घटनास्थल पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने सभी सात शव बरामद कर लिए हैं। एक शव आग से जल गया जबकि अन्य शवों की हेलीकॉप्टर से पहाड़ी से छिटकर इधर-उधर टकराते हुए दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में 3 यात्री गुजरात, एक मुंबई, एक कर्नाटक और एक झारखंड का बताया गया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि दुखद घटना में सभी सात लोगों की मौत हो गई। रेस्क्यू टीम द्वारा सभी सात शव बरामद कर लिए गए हैं। वहीं घटना के बाद सभी हेलीकॉप्टर सेवाएं बंद रहीं।

राज्य के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है। सीएम ने कहा कि केदारनाथ के समीप गरुड़ चट्टी में दुर्भाग्यपूर्ण हेलीकॉप्टर क्रैश में कुछ लोगों के हताहत होने का अत्यंत दु:खद समाचार प्राप्त हुआ है। राहत और बचाव कार्य हेतु स्ष्ठक्रस्न और जिला प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। इस दु:खद घटना के विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि केदारनाथ में अभी मौसम खराब है। यहां हल्की बर्फबारी भी हो रही है। अगले आदेश तक हेलिकॉप्टर सेवाओं पर रोक लगा दी गई है। केदारनाथ में घने कोहरे की बात भी सामने आ रही है।

इस हादसे पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि केदारनाथ में श्रद्धालुओं को ले जा रहे हेलिकॉप्टर के क्रैश की घटना बहुत दु:खद है। इस दुर्घटना में जान गवाने वाले सभी लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूँ। ईश्वर उन्हें यह दु:ख सहने की शक्ति दें। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने भी इस हादसे पर दुख जताया है।

**इन लोगों की हुई मौत-** बताया जा रहा है कि जमीन पर गिरने के साथ ही हेलिकॉप्टर आग की चपेट में आ गया। हादसे में हेलिकॉप्टर में सवार सभी 7 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में पूर्वा रामानुज, कृति ब्राड, उर्वी, सुजाता, प्रेम कुमार, काला और पायलट अनिल सिंह शामिल हैं।

## डिफेंस में एक और बड़ी छलांग, 35 हजार करोड़ का एक्सपोर्ट करेगा भारत



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने बीते कुछ सालों में रक्षा क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है और अब आने वाले सालों में इसमें और इजाफा होने की तैयारी है। भारत की ओर से अफ्रीका समेत दुनिया के कई देशों को 35,000 करोड़ रुपये तक के हथियार और ड्रोन्स आदि बेचे जाने की तैयारी है। डिफेंस एग्जिबिशन से इतर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इन तैयारियों के बारे में जानकारी दी है।

इस प्रदर्शनी में भारत स्वदेश में बने हथियारों, उभरती तकनीकों पर अपनी रिसर्च और स्वार्म ड्रोन्स जैसे उपकरणों की ताकत दुनिया को दिखाएगा। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में भी भारत ने बड़ी सफलता हासिल की है। अब भारत की कोशिश है कि इन हथियारों और तकनीकों को हिंद महासागर के देशों और अफ्रीकी मुल्कों को निर्यात किया जाए।

इसी कड़ी में भारत की तैयारी है कि 2025 तक यह निर्यात 35,000 करोड़ रुपये तक बढ़ा लिया जाए। अफ्रीकी देशों के अपने समकक्षों से बातचीत में जुटे राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि 2025 तक इस बड़े आंकड़े को हासिल किया जाए। बीते साल भी भारत ने 13,000 करोड़ रुपये की रक्षा सामग्री का निर्यात किया था। डिफेंस सेक्रेटरी अजय कुमार ने कहा कि इस साल के एक्सपो में कुल 451 एग्रीमेंट्स पर साइन होने वाले हैं। इनमें प्रोडक्ट्स की लॉन्चिंग और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर शामिल है। मंगलवार को शुरू हुए एक्सपो से पहले राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े हथियार आयातक देश से आगे निकलते हुए टॉप 25 निर्यातकों में शामिल होने में सफलता पाई है।

## नदी किनारे जन्मदिन मनाने गए पांच बच्चों का नदी में डूबने से मौत



**कटनी (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के कटनी जिले में जन्मदिन का जश्न पांच बच्चों के लिए काल बनकर आया। इन बच्चों की कटनी नदी में डूबने से मौत हो गई। इस हादसे पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और क्षेत्रीय सांसद व भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने शोक जताया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देवराखुर्द गांव के पांच बच्चे जन्मदिन मनाने कटनी नदी के गर्राघाट पर गए हुए थे। बच्चे देर शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने मौके पर जाकर देखा तो बच्चों के कपड़े रखे हुए थे, इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

बच्चों के नदी में डूबने की आशंका के बीच पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने बच्चों की तलाशी का अभियान चलाया। रात से शुरू हुआ तलाशी अभियान मंगलवार की सुबह तक चला और सभी बच्चों के शव बरामद कर लिए गए।

इस हादसे पर मुख्यमंत्री चौहान ने शोक व्यक्त किया है और कहा है, कटनी नदी के गर्रा घाट में डूबने से मासूम बच्चों के असमय निधन से हृदय अपार पीड़ा से भरा हुआ है। दुख की इस घड़ी में मैं शोकाकुल परिवारों के साथ हूं।ईश्वर से दिवंगत दिव्य आत्माओं को शांति और परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना करता हूं।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने शोक जताते हुए कहा, कटनी नदी में बच्चों के डूबने की खबर अत्यंत हृदय विदारक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दें एवं शोकाकुल परिजनों को इस वज्रपात को सहन करने की शक्ति दे।

## सुप्रीम कोर्ट ने माणिक भट्टाचार्य को डब्लूबीबीपीई अध्यक्ष पद से हटाने पर लगाई रोक

**कोलकाता (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस के विधायक माणिक भट्टाचार्य को पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीपीई) के अध्यक्ष पद से हटाने के कलकत्ता हाईकोर्ट के एक पुराने आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। इस मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट के पहले के आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अनुरुद्ध बोस और जस्टिस विक्रम नाथ की खंडपीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट उनकी पुनर्नियुक्ति को लेकर कोई आदेश नहीं दे सकता।

खंडपीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के पहले के आदेश के अनुसार, 269 प्राइमरी शिक्षकों की बर्खास्तगी पर इस आधार पर अंतरिम रोक लगा दी कि उन्होंने पैसे के भुगतान के खिलाफ अवैध रूप से नौकरी हासिल की थी। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को इन 269 प्राइमरी शिक्षकों को मामले में अदालत द्वारा अपना पक्ष रखने का मौका दिया।

माकपा के राज्यसभा सदस्य और कलकत्ता हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विकास रंजन भट्टाचार्य ने कहा कि चूंकि शीर्ष अदालत ने अंतरिम रोक के बावजूद उनकी पुनर्नियुक्ति पर कोई आदेश पारित नहीं किया है, इसलिए उनके पास इस समय कुर्सी पर फिर से बैठने का कोई मौका नहीं है। उन्होंने कहा, जहां तक 269 प्राइमरी शिक्षकों की सेवा समाप्त करने का संबंध है, उनके पास अपना मामला अदालत में पेश करने का मौका है।

वहीं सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य में प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) पर कलकत्ता हाईकोर्ट के पहले के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। खंडपीठ ने केंद्रीय जांच एजेंसी को चार सप्ताह के बाद इस मामले में प्रोग्रेस रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने उस समय तक सीबीआई को माणिक भट्टाचार्य के खिलाफ किसी भी तरह की एकजुट कार्रवाई करने से रोक दिया।

शीर्ष अदालत ने इसी मामले में एक अन्य केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा माणिक भट्टाचार्य की गिरफ्तारी पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। फिलहाल डब्ल्यूबीबीपीई के पूर्व अध्यक्ष ईडी की हिरासत में हैं।

## केंद्र सरकार ने गेहूं समेत कई फसलों का बढ़ाया एमएसपी

- किसानों को मोदी सरकार ने दिया दीवाली गिफ्ट



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मोदी सरकार ने किसानों को दीवाली का तोहफा दिया है। सरकार ने खाद्यान्नों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की घोषणा की है। उक्त जानकारी केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सीजन 2023-24 के लिए सभी रबी फसलों के लिए एमएसपी को मंजूरी दे दी है। इसके तहत दलहन (मसूर) के एमएसपी में 500 रुपये प्रति क्विंटल की पूर्ण उच्चतम वृद्धि को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने सरसों की रूस्क्क में 400 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। वहीं जूट की एमएसपी में 110 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है।

सीएसीपी की सभी सिफारिशों को कैबिनेट से मंजूरी मिली है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार सीसीईए ने फसल वर्ष 2022-23 (जुलाई-जून) और विपणन सत्र 2023-24 में छह रबी फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दी है। फसल वर्ष 2022-23 के लिए गेहूं का एमएसपी 110 रुपये बढ़ाकर 2,125 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो फसल वर्ष 2021-22 में 2,015 रुपये प्रति क्विंटल था। बयान में कहा गया है कि गेहूं की उत्पादन लागत 1,065 रुपये प्रति क्विंटल रहने का अनुमान है। सरकार ने मंगलवार को मौजूदा फसल विपणन वर्ष के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को 110 रुपये बढ़ाकर 2,125 रुपये प्रति क्विंटल करने का फैसला किया। इसके साथ ही सरसों का एमएसपी 400 रुपये बढ़ाकर 5,450 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। एक बयान में कहा गया कि किसानों के उत्पादन और आय को बढ़ावा देने के लिए यह फैसला किया गया।

### मोदी ने गुजरात में योजना आयुष्मान कार्ड वितरण की शुरुआत की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना मुख्यमंत्री अमृतम (पीएमजेएवाई-एमए) आयुष्मान कार्ड के वितरण की शुरुआत की। मोदी ने कहा कि पीएमजेएवाई-एमए आयुष्मान कार्ड उच्च गुणवत्ता और सस्ती चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने 'सर्व संतू निरामय' की भावना का उल्लेख करते हुए कहा कि आयुष्मान योजना का उद्देश्य सबके लिए स्वास्थ्य है। उन्होंने राज्य में लोगों को पचास लाख कार्ड वितरित करने के अभियान की व्यापकता की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह गुजरात सरकार की संवेदनशीलता का प्रमाण है। हम दुनिया के कई देशों में स्वास्थ्य बीमा के बारे में सुनते रहे हैं लेकिन भारत स्वास्थ्य आश्वासन सुनिश्चित करते हुए इससे आगे जा रहा है। प्रधानमंत्री ने पीएमजेएवाई-एमए योजना आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों से भी बातचीत की।

## सिंथेटिक दूध बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, मालिक गिरफ्तार



**बदायूं (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने बदायूं जिले के मूसाझघ इलाके के एक गांव में एक सिंथेटिक दूध निर्माण इकाई का भंडाफोड़ किया है और 100 लीटर से अधिक सिंथेटिक दूध बरामद किया है, जो वाशिंग पाउडर, रिफाइंड तेल और अन्य का उपयोग करके तैयार किया गया है।

पुलिस ने कहा कि यूनिट के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिकारी (एफएसओ) की शिकायत पर आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारियों के मुताबिक यूनिट एक घर के अंदर चल रही थी और उसका मालिक आसपास के इलाकों की कई दुकानों में दूध सप्लाई कर रहा था। इस बीच, खाद्य सुरक्षा टीम ने क्षेत्र की विभिन्न दुकानों से नमूने भी एकत्र किए हैं और उन्हें परीक्षण के लिए लैब में भेजा है। अपर अधीक्षक (एसपी) (ग्रामीण) ए.के. श्रीवास्तव ने कहा, हमने खाद्य सुरक्षा टीम के साथ छापेमारी की और मूसाझाघ इलाके की एक फैक्ट्री से 100 लीटर से अधिक सिंथेटिक दूध बरामद किया। इस मामले में फैक्ट्री मालिक मंगू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। आगे की जांच जारी है।

## स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करने की मांग

- रायपुर एयरपोर्ट में कार्गो हब की स्थापना का अनुरोध
- सभी राज्यों के नागरिक उड्डयन मंत्रियों का हुआ सम्मेलन
- छत्तीसगढ़ से खेल व युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल हुए शामिल



**रायपुर (आरएनएस)।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नागरिक उड्डयन मंत्रियों के सम्मेलन का नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजन किया। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधि के रूप में खेल व युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने शिरकत की। सम्मेलन में मंत्री उमेश पटेल ने स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करने, कार्गो हब की स्थापना, बिलासपुर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग की सुविधा विकसित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगें रखी।

मंत्री पटेल ने कहा कि रायपुर एयरपोर्ट की अधोसंरचना रनवे की लंबाई, टर्मिनल भवन की क्षमता, नेविगेशन तथा एयर ट्रैफिक कंट्रोल सुविधा अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा संचालन के लिए पूर्ण रूप से उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने भी केंद्र सरकार से लगातार पत्राचार के माध्यम से रायपुर एयरपोर्ट से अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा प्रारम्भ किए जाने का अनुरोध किया है।

इसके साथ ही मंत्री पटेल ने रायपुर एयरपोर्ट में कार्गो हब की स्थापना की मांग की। उन्होंने बताया कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की 23वीं बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में कार्गो हब की सुविधा के विकास की अत्यंत आवश्यकता है। इसके साथ ही आसपास कोई कार्गो हब न होने के कारण प्रदेश में बेहतर संभावनाएं भी हैं।

सम्मेलन में बिलासपुर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग की सुविधा विकसित करने का अनुरोध भी किया। कहा राज्य सरकार द्वारा बिलासपुर एयरपोर्ट का 3- ष्ट इकस्नक्र श्रेणी में उन्नयन किया गया है। तथा नाइट लैंडिंग की सुविधा के विकास के लिए 22 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति भी जारी की गयी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा यहाँ खराब मौसम में कम दृश्यता के कारण विमाने निरस्त होने या डाइवर्ट होने पर यात्रियों को असुविधा होती है। अत: बिलासपुर, जगदलपुर व अम्बिकापुर एयरपोर्ट में विमानों के सुगम संचालन के लिए पीबीएन (परफॉर्मेंस बेस्ड नेविगेशन अप्रोच) नेविगेशन प्रणाली की जल्द स्थापना की जाए।

सम्मेलन में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान छत्तीसगढ़ खेल व युवा कल्याण मंत्री के साथ विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी भी उपस्थित रहे।